आई.जी.यू. में 'बौद्धिक संपदा अधिकार' विषय पर कार्यशाला आयोजित

रेवाड़ी, 4 अगस्त (बधवा): इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी में रसायन विभाग द्वारा 4 अगस्त को आई.क्यू.ए.सी. और आई.पी.आर. सैल के सहयोग से बौद्धिक संपदा अधिकार, पेटेंट, फाइलिंग और ड्राफ्टिंग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य सभी क्षेत्रों में बौद्धिक संपदा अधिकारों के बारे में जागरूकता पैदा करना था। कार्यशाला में मुख्य वक्ता डॉ. रिचा प्रकाश, बौद्धिक संपदा मैनेजर, फार्मा इन्वेंटर वेंकूवर, कनाडा रही। कार्यशाला 3 सत्रों में पूरी हुई। कार्यशाला का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि पुंडीर द्वारा स्वागत भाषण के साथ किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय प्रकाश यादव ने बताया कि विज्ञान, कम्प्यूटर, कला के हर क्षेत्र में बौद्धिक संपदा अधिकार का ज्ञान होना बहुत महत्वपूर्ण है।

डॉ. रिचा प्रकाश ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को कॉपीराइट, पेटेंट, ट्रेडमार्क और प्रचार अधिकार अनुसंधान और आवेदन दाखिल करने की प्रक्रिया के वर्गीकरण के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

डॉ. करण सिंह और डॉ. रश्मि पुंडीर ने डॉ. रिचा प्रकाश को गीता और स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन कम्प्यूटर साइंस विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सुधीर ने किया। इस कार्यक्रम में अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रो. मंजू परुथी, कार्यशाला के संयोजक प्रो. विजय अरोड़ा, कार्यशाला की सह-संयोजक डॉ. कर्मवति यादव, मिस मीनाक्षी, मिस निशा, मिस लक्ष्मी, मिस गीतांजलि, शिक्षक व गैर-शिक्षक कर्मचारी और छात्र उपस्थित रहे।

रेवाड़ी के आई.जी.यू. में अतिथियों को सम्मानित करते कुलपति। (बधवा)

ndira Gandhi University
Meerpur - Rewari
GPS Map Camera
adavji photostate
Google
Meerpur, Haryana, India
Indira Gandhi University, Meerpur, Haryana 122502, India
Lat 28.240774°
Long 76.690537°
04/08/22 11:28 AM
Note : One day Workshop on Basics of IPR

CAREER OPPORTUNITIES:
SPECIALIZED DIPLOMA/ CERTIFICATE COURSES IN IP
ONLINE BASIC/ ADVANCE COURSES IN IP
PATENT AGENT EXAMINATION
PATENT EXAMINER EXAMINATION
TRADEMARK AGENT EXAMINATION
VARIOUS INDUSTRIAL OPPORTUNITIES:
IN-HOUSE IP
SERVICE SECTORS SUCH AS KPO'S